हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 300 देहरादून, बुधवार, 24 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



G-20 के लिए पहुँचने लगे विदेशी मेहमान 3

# देहरादून पहुंची वंदे भारत ट्रेन, 25 मई को उद्घाटन



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 24 मई : वंदे भारत ट्रेन का संचालन दो दिन बाद देहरादून रेलवे स्टेशन से दिल्ली के बीच किया जाना है। इसके ट्रायल के लिए बीते दिन वंदे भारत देहरादून रेलवे स्टेशन पहुंच गई है। वहीं, ट्रेन के उद्घाटन के लिए देहरादून रेलवे स्टेशन को भव्य रूप से सजाने का काम शुरू कर दिया गया है। स्टेशन के दो प्लेटफार्म एक व दो में टेंट लगाने और रंग-रोगन का काम शुरू किया गया। 24 मई को दोनों प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी जाएगी।

दून से चलने वाली यह ट्रेन देश की 18वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। 25 मई को सुबह 11 बजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर दून रेलवे स्टेशन के दो प्लेटफॉर्म पर करीब 300 मीटर से अधिक का लंबा टेंट लगाना है। जबकि स्टेशन पर रखे गमलों पर भी रंग-रोगन का काम तेजी से किया जा रहा है। डीआरएम मुरादाबाद मंडल अजय नंदन समेत रेलवे के कई अधिकारियों ने देहरादून स्टेशन का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद तमाम अधिकारी रुड़की रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के लिए रवाना हो गए। डीआरएम मुरादाबाद अजय नंदन कुछ दिनों से देहरादून में ही हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि 25 से अधिक मजदूर टेंट लगाने का काम कर रहे हैं। जबकि कुछ गमलों व स्टेशन के आसपास रंग रोगन का कार्य कर रहे हैं। रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि दो मंच तैयार होने के बाद दोनों प्लेटफार्म पर गाड़ियों की आवाजाही रोक दी जाएगी।

प्लेटफार्म नंबर एक से वंदे भारत ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। गाड़ी कब देहरादून पहुंचेगी, ट्रेन का संचालन, समय, टिकट और स्टॉपेज को लेकर अभी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। एक-दो दिन में रेलवे की ओर से यह अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

## तीर्थयात्रियों को राहत जल्द शुरू होगी हेमकुंड के लिए हेली सेवा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 24 मई : हेमकुंड साहिब के लिए इस बार हेली सेवा का किराया नहीं बढ़ाया गया है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने पिछले साल की तरह इस बार भी गोविंदघाट से घांघरिया तक हेलीकॉप्टर का दोनों तरफ का किराया 5950 रुपये प्रति यात्री निर्धारित किया है। डीजीसीए की अनुमति के बाद जल्द ही हेली सेवा का संचालन शुरू किया जाएगा।यूकाडा की ओर से हेमकुंड साहिब हेली सेवा के लिए दो बार टेंडर आमंत्रित किए गए। जिसमें एक ही कंपनी की ओर से आवेदन किया गया। यूकाडा ने पिछले साल के किराये पर कंपनी को हेली सेवा संचालन का काम किया है। 20 मई से हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू हो गई है। अपर सचिव एवं यूकाडा के सीईओ सी. रविशंकर ने बताया कि जल्द ही हेमकुंड साहिब के लिए हेली सेवा शुरू की जाएगी। इसके लिए किराये में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। कंपनी को पिछले साल के किराये दरों पर हेली सेवा संचालन का काम दिया गया है।उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के महासचिव डॉ. बृजेश सती ने सचिव पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन सचिन कुर्वे से मुलाकात की। उन्होंने देहरादून से जोशीमठ के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू करने की मांग की है। डॉ. सती ने कहा कि देहरादून से गौचर तक नियमित हवाई सेवा का संचालन किया जा रहा है। इसी तर्ज पर देहरादून से जोशीमठ के लिए हवाई सेवा शुरू की जाए। इससे बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी आने वाले यात्रियों व पर्यटकों को हवाई सेवा का लाभ मिलेगा। साथ ही तीर्थाटन व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## सीएम धामी अच्छा कार्य कर रहे : पद्म विभूषण स्वामी रामभद्राचार्य

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, रामकथा के लिए यहां पहुंचे पद्म विभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने सीएम पुष्कर सिंह धामी के कार्यों की प्रशंसा की।स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि पीएम मोदी का पुष्कर सिंह धामी पर बहुत विश्वास है। जब वो चुनाव हार गए तो पीएम मोदी ने कहा कि भले हो वो चुनाव हार गए लेकिन उन्हें ही सीएम बनाएंगे और वो फिर जीत जाएंगे। और फिर वो चुनाव जीत गए। स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि सीएम अच्छा काम कर रहे हैं। और अवैध अतिक्रमण को हटा रहे हैं। स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि निर्भीक होकर काम करो। चिंता मत करो। हम आपके साथ हैं। वे यह भी कहते हैं पीएम मोदी ने भी कहा कि पुष्कर सिंह धामी अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धामी फिर सीएम बनेंगे। स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि चकाचक रहो ..आंनद में रहो.. और खूब काम करो और फिर सीएम बनोगे। हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज लक्ष्मण चौक में आयोजित राम कथा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राम कथा व्यास पद्म विभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तारीफ की।

## श्री गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर। पछुवादून और चकराता में सिखों के पंचम गुरु श्री गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुरुद्वारों में गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ के भोग के बाद हजूरी रागी जत्थों ने शब्द-कीर्तन गाकर संगत को निहाल किया। इसके साथ ही लोगों ठंडी लस्सी, छबील वितरित की गई। गुरुद्वारों में लंगर भी आयोजित किया गया। अजीत नगर गुरुद्वारा में अर्जन देव जी के शहीदी पर्व पर गुरु ग्रंथ साहब के पाठ का भोग लगाया गया। कीर्तन करने पहुंच हजूरी रागी जत्थे को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरजीत सिंह ने कहा कि गुरु अर्जन देव एक सितंबर 1581 को पांचवें गुरु बने थे। उनके प्रचार के कारण सिख धर्म तेजी से फैलने लगा था, जो मुगल बादशाह जहांगीर को अखर रहा था, इसलिए उसने गुरु जी को शहीद करने का फैसला कर लिया। गुरु अर्जन देव जी को लाहौर में भीषण गर्मी के दौरान 'यासा व सियासत कानून के तहत लोहे के गर्म तवे पर बिठाकर शहीद कर दिया गया। 'यासा व सियासत के अनुसार किसी व्यक्ति का रक्त धरती पर गिराए बिना उसे यातनाएं देकर शहीद किया जाता है। बताया कि मुगल बादशाह के आदेश पर गुरु जी के शीश पर गर्म-गर्म रेत डाली गई। जब उनका शरीर अग्नि के कारण बुरी तरह झुलस गया तब उन्हें ठंडे पानी वाले रावी दरिया में नहाने के लिए भेजा गया, जहां गुरु जी का पावन शरीर रावी में मिल गया। उसी जगह पर अर्जन सिंह जी की ज्योत समाए हुए है। यह सिख धर्म की पहली शहीदी थी। दूसरी ओर शहीदी दिवस पर चकराता में पंजाबी समाज के लोगों ने लंगर का आयोजन कर छबील का प्रसाद बांटा।

गुरु अर्जन देव जी को मुख रख विगत 15 दिनों से छावनी बाजार स्थित गुरुद्वारे में सुखमनी साहेब के पाठ चल रहे थे। मंगलवार सुबह सर्वप्रथम पाठ का भोग डाल अरदास कर सर्व समाज के सुख समृद्धि की कामना की गई। दोपहर में समाज के लोगो ने छबील (शर्बत) का प्रसाद बांटा, जबकि शाम को कीर्तन दरबार आयोजित किया। कीर्तन दरबार मे रागी जत्थों ने शबद सुनाकर संगतों को निहाल किया।

# गर्मियों में करने जा रहे हैं ट्रेन का सफर, तो ऐसे रखे अपना ख्याल ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 23 मई : अगर आप भी ऐसी भीषण गर्मी में ट्रेन से लंबा सफर करने जा रहे हैं फिर चाहे वो वेकेशन हो या फिर कोई बिजनेस ट्रिप, तो कुछ बातों का खास ध्यान रखने की जरूरत है क्योंकि गर्मी में ट्रेनों में मेडिकल हेल्प की डिमांड कई गुना बढ़ गई है। ज्यादातर पैसेंजर्स को उल्टी, दस्त व पेट दर्द की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बहुत ज्यादा गर्मी की वजह से शरीर में मौजूद पानी का एक बड़ा हिस्सा पसीने के रूप में बाहर निकल जाता है। इससे उसके तापमान को नियंत्रित करने वाला थर्मोस्टेट सिस्टम सही ढंग से काम नहीं कर पाता इसलिए लोगों को तेज बुखार, सांस लेने में तकलीफ, उल्टी, नॉजिया, लूज मोशन, सिरदर्द, बार-बार प्यास लगना और कमजोरी जैसे लक्षण नजर आते हैं, जिसे हीट स्ट्रोक या लू लगना भी कहा जाता है। ऐसे में कई बार लोगों का ब्लड प्रेशर लो हो जाता है इससे उन्हें ब्रेन या हार्ट स्ट्रोक भी हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- दूषित पानी व कटे फल पेट में इंफेक्शन फैलाते हैं, तो इन्हें खाने से बचें - पैसेंजर्स को वेंडर से पानी की बोतल लेने के बजाय स्टेशन पर स्टॉल से पानी की सील बंद बोतल लेना चाहिए - शरीर में पानी की कमी न होने दें। इसके लिए पानी के अलावा दूध, छाछ या लस्सी पीते रहें। ताजे फलों का जूस भी पिया जा सकता है - गर्म हवाओं से खुद को बचाएं। इसके लिए मुंह पर कपड़ा बांध सकते हैं - समोसा, बर्गर या अन्य दूसरे जंक फूड्स का कम से कम सेवन करें।

**सफर से पहले कर लें ये तैयारी**

- कम दूरी के सफर में पानी घर से लेकर चलें। - बाहर की चीजें न खानी पड़े इसके लिए घर में बने खाने-पीने की वस्तुओं को लेकर चलें - इलेक्ट्रॉल या ओआरएस के पैकेट। जरूर साथ रख लें - उल्टी व लूज मोशन की दवा साथ रख सकते हैं - सफर के दौरान आरामदायक व ढीले कपड़े पहनें - एक लीटर पानी में ओआरएस मिलाकर एक घंटे में खत्म कर दें।




# टिहरी के ओणी गांव में 20 देशों के मेहमान नजदीक से देखेंगे पहाड़ का रहन-सहन और संस्कृति

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, जी-20 देशों के प्रतिनिधि अपना एक दिन ओणी गांव में बिताएंगे, इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों को हाईटेक बनाया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान नरेंद्रनगर के ओणी गांव में विदेशी मेहमान पहाड़ के ग्रामीण परिवेश और मॉडल गांव का दीदार करेंगे। ऋषिकेश से करीब 14 किमी की दूरी पर स्थित ओणी गांव में करीब दस करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्यों किए गए हैं। गांव को उत्तराखंड की पारंपरिक शैली के मॉडल गांव के रूप में विकसित किया गया है। गांव में सौंदर्यीकरण के साथ ही घरों को पारंपरिक एपण कला के साथ अन्य सांस्कृतिक-परंपरा और पारंपरिक वेशभूषा से जुड़ी चित्रकारी से जीवंत किया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र के भवन को देखकर लोग काफी आकर्षित हो रहे हैं। पंचायत घर को भी बड़ी खूबसूरती के साथ तैयार किया जा रहा है। गांव के आंतरिक मार्गों पर इंटर-लॉकिंग टाइल्स लगाई गई हैं. गांव के घरों की पुताई कर उस पर पेंटिंग की जा रही है। उत्तराखंड की पारंपरिक वेशभूषा और दार्शनिक स्थानों को भी चित्र के माध्यम से दर्शाया जा रहा है।नरेंद्रनगर में होने जा रही जी-20 की दूसरी एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग देवभूमि उत्तराखण्ड के लिए जी-20 की रामनगर में सफलतापूर्वक आयोजित चीफ साइंस एडवाइजर राउंडटेबल के बाद उत्तराखंड में दूसरी बैठक है है। यह उत्तराखण्ड जैसे भौगोलिक दृष्टि से अपेक्षाकृत छोटे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर जी-20 देशों से आए विदेशी प्रतिनिधि (डेलीगेट्स) भी अपने साथ राज्य की नैसर्गिक सौन्दर्य, समृद्ध संस्कृति, अनूठे ग्रामीण जीवन के बेहतरीन अनुभव लेकर यहाँ से जाएंगे। राज्य में जी-20 के सम्मेलनों का आयोजन नए अवसर, नए अनुभव, अपनी पारम्परिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विरासत, पर्यटन की क्षमताओं और सॉफ्ट पावर को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का स्वर्णिम अवसर है।ओणी गांव से पहले जी-20 देशों के प्रतिनिधियों को जहां मां गंगा के पावन तट पर होने वाली गंगा आरती से दिव्य और आत्मिक अनुभव होगा तो नरेंद्रनगर के ओनी गांव जाकर पहाड़ के गांव में रहने वाले लोगों के जीवन को नजदीक से समझने का अवसर भी मिलेगा। जी-20 की दूसरी एंटी करप्शन वर्किंग मीटिंग में अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी तंत्र को मजबूत करने पर गंभीर विचार विमर्श किया जाएगा।

# "व्हाट्स एप" लेकर आया नया फीचर, इस तरह कर पाएंगे अपना मेसेज एडिट

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, चैटलॉक फीचर के बाद व्हाट्स एप अब लेकर आया है ये नया फीचर । अब आप आसानी से कर सकेंगे अपने मैसेज को अपडेट ।जानिए इस नए फीचर के बारे में व्हाट्स एप मैसेज एडिट फीचर-अपने यूजर्स को एप का बैटर एक्सपीरियंस देने के लिए और मार्केट में अपना सिक्का जमाए रखने के लिए व्हाट्सएप समय समय पर अपने यूजर्स के लिए नए फीचर्स और अपडेट्स लाता रहता है। जैसा की आप सब जानते ही है कि अभी हाल ही में व्हाट्सएप अपने यूजर्स के लिए चैटलॉक फीचर लेकर आया था।इस फीचर से लोग अपने प्राइवेट चैट्स को लॉक कर सकते है। अब व्हाट्सएप अपने यूजर्स के लिए फिर एक नए फीचर के साथ हाजिर हो चुका है। ये फीचर यूजर्स को अपने द्वारा किए गए मैसेज को एडिट करने की फैसिलिटी देगा।क्या करेगा ये नया फीचर ?व्हाट्स एप पर चैटिंग करते समय कभी कभी ऐसा होता है की लोग गलती से कुछ एरर मैसेज टाइप कर देते है। जिसके कारण उन्हें सामने वाले इंसान के आगे शर्मिंदा होना पड़ता है। ऐसा होने पर यूजर्स को मैसेज एडिट करने की आवश्यकता महसूस होती है।परंतु अब तक व्हाट्सएप में ऐसा कोई फीचर नहीं था जिसकी सहायता से वे अपने मैसेज को एडिट कर सके । यूजर्स के पास उन मैसेज को डिलीट करने का ऑप्शन तो था पर मैसेज को एडिट करने का ऑप्शन नहीं था।परंतु अब व्हाट्सएप ने अपने यूजर्स की इस जरूरत को भी पूरा करने का प्रयास अपने इस नए अपडेट में किया है। व्हाट्सएप के इस नए फीचर की सहायता से यूजर मैसेज करने के 15 मिनट तक किए गए मैसेज को एडिट कर सकेंगे। हालांकि अब तक इस नए फीचर का नाम व्हाट्सएप ने रिवील नही किया है ।अभी तक कुछ बीटा टेस्टर्स को ही इस फीचर को यूज करने का एक्सेस दिया गया है। टेस्टिंग पूरी होने के बाद व्हाट्सएप जल्द ही इस फीचर को अपने सभी आईओएस और एंड्रॉयड यूजर्स के लिए रोलआउट कर देगा।



# भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र समूची मानवता के लिए प्रेरणा एवं प्रकाश है : सी.एम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हिन्दू नेशनल इंटर कॉलेज लक्ष्मण चौक में आयोजित श्री राम कथा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने श्री राम कथा व्यास पद्म विभूषण जगत गुरु स्वामी रामभद्राचार्य का अभिनन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज जी के मुखारबिन्द से राम कथा का वर्णन दार्शनिक है, अतुलनीय है तथा साक्षात प्रभु राम के आशीर्वाद के समान है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पावन जीवन चरित्र समूची मानवता के लिए दिग्दर्शन है, प्रेरणा एवं प्रकाश है। उनके जीवन से हम सबको विषम परिस्थितियों में जूझने की प्रेरणा मिलती है। यह हम सबका सौभाग्य है कि स्वामी जी के मुखारबिन्द से हमें श्री राम कथा श्रवण का आनंद प्राप्त हो रहा है। तथा यह वर्तमान पीढ़ी का भी सौभाग्य है कि वह श्रीराम कथा श्रवण की परंपरा से जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी धार्मिक और सामाजिक सेवा संस्थान के माध्यम से दीन दुखियों, दिव्यांगों एवं विद्यार्थियों की सेवा करने के साथ शिक्षा प्रदान करने कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज अभूतपूर्व रूप से भारत का सांस्कृतिक उत्थान हो रहा है। सनातन संस्कृति का परचम विश्व में लहरा रहा है और हमारी आस्था के केन्द्रों का इतिहास और महत्व उसी गौरव के साथ प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसके साथ इसे किया जाना चाहिए था। चाहे श्री राम मंदिर का निर्माण हो, बाबा विश्वनाथ मंदिर का अविस्मरणीय पुनरुद्धार हो, केदारपुरी व बद्रीनाथ पुरी का पुनर्निर्माण व सौन्दर्यीकरण हो।प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत की अस्मिता के प्रतीकों व सांस्कृतिक धार्मिक-धरोहरों को जिस प्रकार से संरक्षित व संवर्धित किया जा रहा है उसकी शब्दों में व्याख्या संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है। हमारा प्रदेश दो देशों की अन्तराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा है। गंगा, यमुना का उद्गम स्थल तथा धर्म, आध्यात्म तथा संस्कृति का केंद है। देवभूमि का मूल स्वरूप बना रहे इसके लिये राज्य में समान नागरिक संहिता हमारे राज्य की जरूरत थी। इसके लिये कमेटी का गठन किया गया, कमेटी द्वारा जून तक इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया जायेगा। इसके पश्चात राज्य में इसे लागू किया जायेगा। यह किसी के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में लैंड जेहाद के रूप में हो रहे धार्मिक अतिक्रमण को समाप्त करने का कार्य किया जा रहा है। राज्य में अवैध अतिक्रमण को किसी भी दशा में होने नहीं दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में धर्मांतरण पर अब हमने कड़ा कानून बनाया है। इसके अंतर्गत 10 साल तक की कैद का प्रावधान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड से हर नए कार्य की शुरुआत होती है और जो हमारे यहां शुरू होता है वो पूरे देश में जाता है। धर्मांतरण पर कानून समय की आवश्यकता थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि उत्तराखण्ड देश और दुनिया का नम्बर वन पर्यटन प्रदेश बनने के साथ ही हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की भी वैश्विक पटल पर पहचान बने। उन्होंने कहा कि इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड की झांकी मानसखण्ड को प्रथम पुरस्कार मिलना प्रदेश के साथ ही हमारी लोक संस्कृति का भी सम्मान है।

# G-20 के लिए पहुँचने लगे विदेशी मेहमान







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। नरेंद्रनगर में 25 से 27 मई को होने जा रही जी-20 बैठक के लिए विदेशी मेहमानों के पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया है। आज सुबह विदेशी डेलिगेट्स का एक ग्रुप जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुँचा जहां उनका पारंपरिक रूप से तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान छोलिया नृत्य की पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर प्रस्तुति दी रहे कलाकारों को देखकर डेलिगेट्स खुद को नहीं रोक पाए और महिलाओं के साथ ही पुरुष डेलिगेट्स ने भी उत्तराखंड के गीत-संगीत पर कलाकारों संग सुंदर नृत्य किया। सभी मेहमान एयरपोर्ट पर हुई मेहमाननवाजी से काफी खुश एवं अभिभूत नजर आए। इसके बाद इन सभी को नरेंद्रनगर में जहां जी-20 के मुख्य आयोजन हैं वहां ले जाया गया।



# गोवा ने उत्तराखंड के साथ बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 23 मई 2023ः गोवा सरकार और उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों ने गोवा और उत्तराखंड दोनों के पर्यटन परिदृश्य को बढ़ाने की दिशा में सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। MoU पर हस्ताक्षर श्री रोहन खौंटे, पर्यटन, आईटी, E&C, प्रिंटिंग और स्टेशनरी, गोवा सरकार के माननीय मंत्री, और श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित किया गया था।समझौता ज्ञापन का उद्देश्य यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना और गोवा और उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए राज्यों के बीच यात्रा को सुविधाजनक बनाना है। दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर गोवा और उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'देखो अपना देश' पहल के साथ मिलकर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। . इस पहल का उद्देश्य लोगों को भारत की समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृति को देखने और अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री रोहन खुंटे ने कहा, ₹हम उत्तराखंड पर्यटन के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने और आध्यात्मिक, कल्याण और पर्यावरण-पर्यटन पर अपना ध्यान केंद्रित करने के लिए उत्साहित हैं। इस साझेदारी के माध्यम से, हम सुंदर, प्राचीन मंदिरों को प्रदर्शित करने के लिए तत्पर हैं। 'दक्षिण काशी' की दृष्टि को बढ़ावा देने वाले सर्किट के एक हिस्से के रूप में गोवा। हमारा प्रयास दोनों राज्यों के पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करना और आगंतुकों को एक अद्वितीय और अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है। सहयोग पर अपने विचार साझा करते हुए,







पर्यटन मंत्री, उत्तराखंड, श्री सतपाल महाराज ने कहा, ₹हम गोवा पर्यटन के साथ हाथ मिला कर और दोनों राज्यों में पर्यटन की बेहतरी के लिए काम करके खुश हैं। इस समझौता ज्ञापन से न केवल सीधी उड़ान बढ़ेगी कनेक्टिविटी बल्कि संयुक्त पैकेज, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मानव संसाधन विकास के अवसरों का भी पता लगाएं। हम गोवा और उत्तराखंड दोनों में पर्यटन के विकास की आशा करते हैं।

समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों राज्यों को उत्तराखंड और गोवा के बीच सीधी उड़ान कनेक्टिविटी से लाभ होगा, जिससे पर्यटकों के लिए राज्यों का दौरा करना आसान हो जाएगा। दोनों राज्यों के पर्यटन विभाग विभिन्न पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त पैकेज पर भी काम करेंगे, जिसमें साहसिक पर्यटन गतिविधियां, इकोटूरिज्म, आध्यात्मिक पर्यटन और वेलनेस पर्यटन शामिल हैं। गोवा और उत्तराखंड पर्यटन विभागों द्वारा दर्ज आंकड़ों के अनुसार, गोवा में 7 मिलियन से अधिक घरेलू पर्यटक देखे गए, जबकि 2022 में 40 मिलियन से अधिक घरेलू पर्यटकों ने उत्तराखंड का दौरा किया।

गोवा और उत्तराखंड दोनों की अनूठी सांस्कृतिक पहचान है, जो पर्यटकों को भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाने के लिए प्रदर्शित की जाएगी। समझौता ज्ञापन दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मार्ग प्रशस्त करेगा, विभिन्न सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों, रोड शो, त्योहारों और कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय व्यंजनों, लोक कला और हस्तशिल्प का प्रदर्शन करेगा।इसके अलावा, समझौता ज्ञापन में मानव संसाधन विकास के लिए एक प्रावधान भी शामिल है। दोनों राज्य सहयोग से काम करेंगे और पर्यटन पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण सहित पर्यटन के क्षेत्र में ज्ञान और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे और श्री सुनील अंचिपका, आईएएस, पर्यटन निदेशक, गोवा सहित होटल एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष संदीप साहनी भी मौजूद रहे। (बाएं से दाएं) श्री सचिन कुर्वे, आईएएस, सचिव, पर्यटन और सीईओ, यूटीडीबी, उत्तराखंड; श्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड; श्री रोहन खौंटे, पर्यटन मंत्री, गोवा;

# उत्तराखंड के 4 जिलों में 27 मई तक चक्रवाती तूफान का हाई अलर्ट


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 24 मई : उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर बदलाव की ओर है। प्रदेश में 27 मई तक चक्रवाती तूफान का अलर्ट जारी किया गया है। इसे देखते हुए यूपीसीएल प्रबंधन भी हर मुश्किल से निपटने की तैयारी कर रहा है। प्रबंधन ने सभी अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं।

27 मई तक सभी अधिकारियों को अपने दफ्तर में तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने 27 मई तक चक्रवाती तूफान का हाई अलर्ट जारी किया है। मान जा रहा है कि देहरादून हरिद्वार उधम सिंह नगर हल्द्वानी में तूफान का असर देखने को मिल सकता है। इसके मद्देनजर प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने सभी क्षेत्रीय इकाइयों को विद्युत आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।

तूफान में नुकसान होने की दशा में न्यूनतम समय में विद्युत आपूर्ति बहाल करने का इंतजाम पहले से करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक अभियंता स्तर तक के अधिकारी बिना मुख्य अभियंता और उससे उच्च स्तर के अधिकारी बिना निदेशक परिचालन की अनुमति के अपना दफ्तर नहीं छोड़ सकेंगे। संबंधित क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में कंडक्टर, केबल, पोल, ट्रांसफार्मर आदि का पुख्ता इंतजाम रखते हुए क्षेत्रीय इकाइयों को मुख्यालय से हर वांछित सहयोग तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि उपभोक्ताओं को बिना रुकावट के बिजली आपूर्ति मिल सके। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने कहा कि अलर्ट को देखते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं।






# देहरादून में गर्मी की मार 39 डिग्री पहुंचा तापमान, छूटे पसीने ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 24 मई : देहरादून का मौसम लोगों को जमकर सता रहा है । दोपहर के समय लोग गर्मी के चलते पसीने में नजर आए। घरों से बाहर निकलने वालों को लू ने भी थपेड़ा, खासकर दुपहिया वाहन चालकों को। जो दोपहर के समय में सफर कर रहे थे। दिनभर मौसम साफ रहने के चलते अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। जो अधिकतम तापमान से चार डिग्री अधिक रहा।

पिछले कई दिनों से तापमान के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ रही है। हालांकि मौसम विभाग ने गर्मी से राहत मिलने के आसार जताए हैं।मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार बीते दिन देहरादून शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक रहा जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहने के आसार हैं। 24 मई को आसमान में कुछ समय बादल छाए रहेंगे और तापमान में भी कुछ गिरावट होगी। जबकि कुछ जगहों पर गर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक ब्रिकम सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। 24 मई से प्रदेश भर के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।





# उत्तराखंड : 3 लाख कर्मचारियों को सीएम धामी ने दिया तोहफा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 24 मई : उत्तराखंड सरकार ने राजकीय कर्मचारियों और पेंशनरों की बरसों पुरानी मांग पूरी कर दी। उन्हें जल्द ही 4 प्रतिशत बढ़े हुए महंगाई भत्ते की सौगात मिलने वाली है। प्रदेश के सरकारी कर्मचारी और पेंशनर लंबे वक्त से महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग करते आ रहे थे। कैबिनेट में भी यह मुद्दा कई बार उठा था। कैबिनेट ने कर्मियों के डीए बढ़ोतरी पर निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया था। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी। मंगलवार को वित्त विभाग की ओर से बढ़े हुए महंगाई भत्ते को लेकर शासनादेश जारी किया जा सकता है। सीएम धामी की ओर से प्रस्ताव को मंजूर करते हुए फाइल आगे बढ़ा दी गई है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडेय ने महंगाई भत्ते के प्रस्ताव को स्वीकृति देने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य के कर्मचारियों व पेंशनरों को भी चार प्रतिशत अधिक महंगाई भत्ता मिल पाएगा।अब तक राज्य के कर्मचारियों को 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा था, जो कि बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया गया है। राज्य सरकार के इस फैसले से प्रदेश के 3 लाख कर्मचारी-पेंशनर लाभान्वित होंगे। केंद्र सरकार पहले ही अपने कार्मिकों के लिए महंगाई भत्ता 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर चुकी है। सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री ने महंगाई भत्ते में वृद्धि की पत्रावली को स्वीकृति दे दी। इस माह के वेतन यानी एक जून को मिलने वाले वेतन के साथ अब बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों को मिल सकेगा।



# DM हरिद्वार के सख्त निर्देश, कांवड़ मेला क्षेत्र का दौरा कर रिपोर्ट देने के निर्देश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आगामी 04 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले कांवड़ मेला-2023 के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई। कांवड़ मेला-2023 की बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय सिंह ने भी प्रतिभाग किया।बैठक में अपर जिलाधिकारी( प्रशासन ) पी0एल0 शाह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कांवड़ मेला-2023 के एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और यह भी जानकारी दी कि सभी विभागों ने कांवड़ मेले से सम्बन्धित अपने-अपने विभागों के कार्य का व्यय आकलन प्रस्तुत कर दिया है, जिसे स्वीकृति के लिये शासन को प्रेषित कर दिया गया है।

बैठक में "धीराज सिंह गर्ब्याल" ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कांवड़ पट्टी/गंगनहर पट्टी मार्ग की मरम्मत सहित झाड़ी कटान, घाटों की सफाई व जंजीर व्यवस्था पर विशेष चर्चा की। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि पूर्व में पार्किंग के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों के क्रम में पार्किंग के टेण्डर करते समय उसमें शौचालय, विद्युत आदि की व्यवस्था भी शामिल करना सुनिश्चित करें। पार्किंग में कहां पर प्रवेश द्वार, कहां पर निकास द्वार होगा आदि के सम्बन्ध में पुलिस तथा सम्बन्धित विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित करना सुनिश्चित करें। इस पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि कावंड़ पट्टी के पैच वर्क प्रारम्भ कर दिये गये हैं।



# 30 मई से मंगल शुक्र की युति, इन 5 राशि वालों की बदलने वाली है किस्मत !




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , ब्यूरो रिपोर्ट, 30 मई से मंगल शुक्र की युति, इन 5 राशि वालों की बदलने वाली है किस्मत !Mangal-Shukra Yuti 2023: वैदिक ज्योतिष शास्त्र में शुक्र गोचर का विशेष महत्व है। शुक्र गोचर 30 मई की शाम 07 बजकर 39 मिनट पर होगा। शुक्र कर्क राशि में प्रवेश करेगा और 07 जुलाई तक इसी राशि में रहेंगे। कर्क राशि में मंगल ग्रह पहले से ही विराजमान हैं। कर्क राशि में मंगल और शुक्र ग्रह की युति बनेगी। मंगल शुक्र की युति का कई राशि के जातकों को शुभ प्रभाव पड़ेगा। जानें मंगल शुक्र की युति किन राशियों के लिए साबित होगी लाभकारी।

1- मेष राशि- मेष राशि वालों के लिए शुक्र-मंगल की युति लाभकारी सिद्ध होगी। इस दौरान आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। नौकरी पेशा करने वाले जातकों को तरक्की मिल सकती है। आय में वृद्धि के योग हैं। पार्टनर का भरपूर सहयोग मिलेगा।

2. मिथुन राशि मिथुन राशि के जातकों के लिए शुक्र मंगल की युति शुभ समाचार ला सकती है। इस दौरान आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी । व्यापारियों को महालाभ हो सकता है। किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए यह समय लाभकारी रहने वाला है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

3. कर्क राशि कर्क राशि वालों के लिए दो ग्रहों की युति शुभ साबित होगी। इस दौरान आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कार्यस्थल पर आपकी प्रशंसा होगी। उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

कार्यशैली में सुधार होगा।4. कन्या राशि – कन्या राशि वालों के लिए शुक्र-मंगल की युति शुभ रहने वाली है। आर्थिक उन्नति के योग बन रहे हैं। अविवाहित जातकों के लिए योग्य प्रस्ताव आ सकता है। व्यापारियों के लिए यह समय लाभकारी रहने वाला है।

4 . मकर राशि- मकर राशि वालों के लिए शुक्र-मंगल की युति सुखद परिणाम लेकर आएगी। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर आपको नई उपलब्धियां हासिल होंगी। व्यापारियों के कारोबार में तेजी आएगी।

# इन 6 हेल्दी फूड्स से 50 साल की उम्र में भी लोहे से मजबूत रहेंगी हड्डियां

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 24 मई : शरीर को कई तरह के पोषक तत्वों और विटामिन की जरूरत होती है. उन्हीं में से एक कैल्शियम है. कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी होता है. युवा अवस्था में आप जितनी हेल्दी डाइट लेंगे आपका शरीर उतना ही मजबूत रहेगा.आइए आज हम आपको ऐसे हेल्दी फूड्स बताते हैं, जिनके सेवन से कैल्शियम इंटेक बढ़ेगा और बॉडी फिट रहेगी.




1. रिपोर्ट के अनुसार, ब्रोकली में भरपूर मात्रा में कैल्शियम मौजूद होता है. ब्रोकली एक सुपरफूड है. इसमें विटामिन सी, के और फोलेट होता है, जो सभी सेल ग्रोथ और रिप्रोडक्शन को नियंत्रित करने में मदद करता है, ये हरी सब्जी एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है. इसके नियमित सेवन से शरीर के कैल्शियम की कमी नहीं होती.

2. टोफू कैल्शियम का बेस्ट स्त्रोत है. इसमें भरपूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है. इसके सेवन से शरीर को कैल्शियम की कमी नहीं होती.

3. पालक का सेवन हड्डियों के लिए सबसे प्रमुख तत्व कैल्शियम होता है. हरी सब्जियों में कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है. हड्डियों को मजबूत करने के लिए पालक का सेवन किया जा सकता है. पालक के सेवन से हड्डियों को कैल्शियम की डेली जरूरत का लगभग 25 प्रतिशत कैल्शियम मिल जाता है.

4. बादाम खाएं बादाम कैल्शियम का एक बेहतरीन स्त्रोत है. बादाम उन ड्राई फ्रूट में गिना जाता है जो शरीर को कई लाभ पहुंचाता है. बादाम बाल, आंख के लिए तो बेस्ट है ही इसके साथ यह हड्डियों को भी सख्त बनाता है. बादाम में कैल्शियम के साथ साथ विटामिन ई और फैटी एसिड पाया जाता है जो हड्डियों को मजबूत करता है.

5. सोयाबीन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. सोयाबीन में प्रोटीन और कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है. यदि आप रोजाना इसका सेवन करते हैं तो इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं. इसके नियमित सेवन से अधिक उम्र होने पर भी हड्डियां मजबूत रहेंगी.

6. योगर्ट कैल्शियम का एक बेस्ट स्त्रोत है. वैसे तो हड्डियों को मजबूत करने के लिए लोग दूध पीते हैं. लेकिन योगर्ट दूध से ज्यादा फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें दूध से कई गुना अधिक कैल्शियम पाया जाता है. इसलिए आप भी इसका सेवन का कैल्शियम की पूर्ति कर सकते हैं.

# आम खाने के बाद भूलकर भी न खाएं ये चीजें, सेहत के लिए हैं नुकसानदेह ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 24 मई : गर्मियों के मौसम में आम बहुतायत रूप से पाया जाता है. चौराहों से लेकर सड़क के किनारों तक मैंगो शेक के स्टॉल लगे रहते हैं. गर्मियों में आम खाने के कई फायदे होते हैं. आम में फॉस्फोरस, डायटरी फाइबर, प्रोटीन, पोटैशियम, जिंक, कार्बोहाइड्रेट्स, कैल्शियम, आयरन, ऊर्जा, जिंक, जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं. आम इम्यूनिटी बूस्टर का काम भी करता है. आम जितना ज्यादा टेस्टी खाने में होता है, उतना ही सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है.आम को खाने का सबका अपना तरीका होता है.




कई लोग इसे खाना खाने के बाद खाना पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम को कुछ चीजों के साथ नहीं खाना चाहिए नहीं तो यह हानिकारक हो सकता है? आइए आज हम आपको बताते हैं ऐसी कौन सी चीजें हैं, जिसके साथ आम को नहीं खाना चाहिए.1. गर्मियों में लोग करेले का भी बहुत सेवन करते है. कुछ लोगों को खाना खाने के साथ आम खाना पसंद होता है, लेकिन कभी करेले के साथ आम को नहीं खाना चाहिए. इससे मतली और उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.2. मसालेदार चीजों के साथ भी आम को नहीं खाना चाहिए है. इससे लोगों को पाचन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. इससे पेट खराब होने की समस्या हो सकती है.

# नए-नए रिश्तों में इन बातों का रखें ध्यान, मजबूत होंगे रिश्ते, बढ़ेगा भरोसा ?



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 24 मई : नए रिश्ते में बात करने के लिए कई टॉपिक होते हैं. एक-दूसरे की पसंद-नापसंद, परिवार, दोस्त आदि के बारे में उत्सुकता रहती है और साथ ऐसी बातें शेयर करना अच्छा भी लगता है. लेकिन, समय गुजरने के साथ रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए कुछ जरूरी बातों को समझना और उन्हें फॉलो करना भी आवश्यक होता है. अगर आप अपने रिश्ते को गंभीरता से ले रहे हैं और पार्टनर का साथ जीवनभर चाहते हैं तो आप कुछ बातों को ध्यान में रखकर अपने रिश्ते को मजबूत बना सकते हैं. यहां हम आपको बता रहे हैं कि आप ऐसा कैसे कर सकते हैं.

रोड टू ग्रो काउंसलिंग के मुताबिक, आप जितना साथ वक्त गुजारेंगे, एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान समझ सकेंगे, लेकिन इसके लिए जरूरी नहीं कि आप हर वक्त साथ घूमते ही रहें. आप साथ में बोर्ड गेम खेल सकते हैं, मॉर्निंग या इवनिंग वॉक कर सकते हैं, साथ में एक जैसी किताब पढ़ सकते हैं और उस टॉपिक पर डिस्कस कर सकते हैं. यही नहीं, ईयर पॉड पर साथ गाना सुनना, कुकिंग करना भी अच्छा साथ वक्त गुजारने का जरिया हो सकता है.आप अपने पार्टनर की जरूरतों को अगर समय समय पर पूछते रहेंगे तो इससे आप उन्हें ना केवल बेहतर जान पाएंगे, बल्कि आपका पार्टनर आपके प्रति इमोशनली अटैच भी महसूस करेगा. य

ही नहीं, आप पार्टनर के बुरे वक्त में हेल्प के लिए पूछकर उनका दिल भी जीत सकते हैं.आपके रिश्ते के लिए बहुत जरूरी है कि आप अपने अंदर के डर, गुस्से और इमोशन को पार्टनर के साथ साझा करें. आप उन्हें यह भी बता सकते हैं कि आप रिश्ते में कब इंसिक्योर महसूस करते हैं. इसके लिए आप लेटर की मदद ले सकते हैं.अगर आप अधिक गुस्से में हैं तो बेहतर होगा कि आप खुद को कूल होने का वेट करें. बेहतर होगा कि आप किसी सीरिया मुद्दे पर बात करने के लिए पार्टनर से सही वक्त मांगे. बिना दूसरे को हार्ट किए आप अपने गुस्से को व्यक्त कर सकते हैं. आप सॉरी बोलते हुए अपने मन की बात को बता सकते हैं.




# उत्तरकाशी में गुलदार का आतंक बच्चों के स्कूल जाने पर रोक ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 24 मई : उत्तरकाशी जिले के कई गांव गुलदार की दहशत से परेशान हैं। हालात इस कदर पैदा हो गए हैं कि कई गांव में बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं लोग रोजमर्रा के काम नहीं कर पा रहे हैं, जाने कब कौन गुलदार का शिकार बन जाए यह कह नहीं सकते। हाल ही में चिन्यालीसौड़ के बड़ी मणि गांव बरौली उडारी गाड़ कुमराड़ा क्षेत्र में गुलदार ने एक महिला को अपना शिकार बना लिया तब से क्षेत्र में गुलदार की दहशत बनी हुई है। दरअसल 13 मई को बड़ी मणि गांव के पास गुलदार ने एक महिला को मार डाला। जिसके बाद से चिन्यालीसौड़ ब्लाक के दिचली पट्टी में गुलदार का आतंक बना हुआ है। जिसके बाद से गुलदार क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दस्तक दे रहा है। 16 मई की शाम को कुमराड़ा गांव में पानी भरने गई एक महिला पर गुलदार झपटने को दौड़ा। वहीं कुमराड़ा गांव के निकट खेतों से लौट रहे बकरी के झुंड पर भी गुलदार ने झपट ने का प्रयास किया।




वहीं राजकीय इंटर कॉलेज बल्डोगी के प्रधानाचार्य रमेश कोहली ने कहा कि दिचली पट्टी में गुलदार का आतंक बना हुआ है। ग्रामीण खेतों में जाने से भी कतरा रहे हैं। वहीं 15 मई को गुलदार के डर से 25 छात्र-छात्राएं स्कूल नहीं आए पाए थे। जबकि बीते दिनों छात्र-छात्राएं स्कूल नहीं पहुंचे हैं। चिन्यालीसौड़ के बड़ी मणि गांव, बरोल, उडारी गाड़, कुमराड़ा क्षेत्र में गुलदार की दहशत बनी हुई है। राजकीय इंटर कॉलेज बल्डोगी और कन्या जूनियर हाई स्कूल बल्डोगी में शिक्षक तो पहुंच रहे हैं। लेकिन बच्चे नहीं पहुंच रहे हैं। अभिभावकों ने साफ कहा है कि उनकी बच्चों की सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है और जब तक शिक्षा विभाग और वन विभाग उनके बच्चों के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं करता या तब तक वह अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनको जल्द से जल्द गुलदार के आतंक से निजात दिलाई जाए ताकि लोग वापस से अपने अपने कामों पर लौट सकें।

# मंत्री गणेश जोशी ने सैन्य धाम का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 24 मई : सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माण हो रहे उत्तराखंड के पंचम धाम सैन्य धाम के निर्माण स्थल का विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। सैनिक कल्याण मंत्री ने निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण कार्यों को प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा विभागीय मंत्री को अवगत कराया गया कि सैन्य धाम का निर्माण कार्य लगभग 50 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो गया है।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ ही निर्माण कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को सैन्य धाम के निर्माण कार्य को दिन-रात कार्य कर हर हाल में नवम्बर माह तक पूर्ण करने के सख्त निर्देश भी दिए। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा उत्तराखंड में बन रहे सैन्य धाम की भव्यता और दिव्यता का भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के स्वरूप उत्तराखंड में सैन्य धाम निर्माण हो रहा है।

यह राज्य सरकार के साथ ही मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट भी है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सैन्य धाम में विशेष रुचि है। उन्होंने कहा सैन्य धाम का बजट 58 करोड़ से बढ़कर अब 98 करोड़ हो गया है। मंत्री ने कहा पूरे देश के विभिन्न स्मारकों का अध्ययन करने के बाद सैन्य धाम का निर्माण हो रहा है।

मंत्री ने बताया कि भारतीय सेना में जिन दो सैनिकों की पूजा होती है, बाबा हरभजन सिंह और बाबा जसवंत सिंह, उनके मंदिर सैन्य धाम में बनाए जा रहे हैं। इसी प्रकार सैन्य धाम का मुख्य गेट देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम से बनाया जा रहा है। मंत्री ने कहा अगले माह से अमर ज्योति जवान का कार्य प्रारंभ होगा और उसमे जो शहीदों के आंगन की मिट्टी लाई गई है, वह उस अमर जवान ज्योति के स्थल में डाला जाएगा। मंत्री गणेश जोशी ने विश्वास जताते हुए कहा कि पांचवें धाम सैन्य धाम के बनने के बाद जिस प्रकार चारों धामों के दर्शन करने लोग यहां आते हैं ठीक उसी प्रकार से सैन्य धाम को देखने लोग यहां आएंगे। इस भावना के साथ सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है।

# नैनीताल-मसूरी में उमड़े पर्यटक, होटल पूरी तरह पैक. ये है ट्रैफिक प्लान ?



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 24 मई : उत्तराखंड के हिल स्टेशन इन दिनों सैलानियों से गुलजार हैं। तपती गर्मी में लोग राहत पाने के लिए नैनीताल-मसूरी जैसे शहरों का रुख कर रहे हैं। टिहरी में भी लोग बड़ी संख्या में बोटिंग करने पहुंच रहे हैं। इससे पहाड़ी शहरों में भीड़-भाड़ नजर आ रही है। बच्चे गर्मियों की छुट्टियां एंजॉय करने के लिए नैनीताल-टिहरी जैसे शहरों में पहुंच रहे हैं। नैनीताल में लगभग सभी होटल पैक हैं। वीकेंड पर यहां पार्किंग फुल रही।

पुलिस ने पर्यटक वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित कर दिया। पर्यटकों को शटल सेवा से शहर तक भेजा गया। बीते दिन भी मुक्तेश्वर, भीमताल, सातताल, रामगढ़ व भवाली जैसे क्षेत्र भी पर्यटकों से गुलजार रहे। स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटर फॉल, बॉटनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थल सैलानियों से पटे नजर आए। पर्यटकों की भीड़ देखते हुए यहां वीकेंड के लिए ट्रैफिक प्लान लागू किया गया था। टिहरी झील आने वाले पर्यटकों की संख्या भी बढ़ने लगी है। वीकेंड पर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, देहरादून, हरिद्वार से यहां करीब 600 से अधिक पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों ने झील में बोटिंग कर पहाड़ों के खूबसूरत नजारों को जी-भरकर निहारा। मसूरी, ऋषिकेश के अलावा कॉर्बेट नेशनल पार्क आने वाले सैलानियों की संख्या भी हर दिन बढ़ रही है। पर्यटकों की आमद बढ़ने से पर्यटन व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों के चेहरे खिले हुए हैं।

## संपादकीय

### जी-20 का 'जन्नत'


कश्मीर एक बार फिर 'जन्नत' सा लग रहा है। रात में भी रंगीन रोशनियों में सराबोर है। डल झील लहरा रही है मानो नृत्य की मुद्रा में हो! शिकारे सैलानियों से लबालब हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक, 26 लाख से अधिक पर्यटक कश्मीर आ चुके हैं। अनुमान है कि इस साल यह आंकड़ा 2 करोड़ को पार कर जाएगा। सामान्य हालात का यह साक्षात पक्ष है। कश्मीर का परिसंस्कार किया जा रहा है। जिस 'लाल चौक' इलाके में पाकिस्तान का फरमान चलता था और उसी का झंडा लहराता हुआ दिखता था। हड़ताल का आदेश-सा होता था, तो बाजार बंद करने पड़ते थे और मौत का सा सन्नाटा पसरा रहता था। आज 'लाल चौक' और इर्द-गिर्द के इलाकों में 'तिरंगा' लहरा रहा है। चारों ओर हलचल और गहमागहमी का माहौल है, क्योंकि कारोबार लगातार जारी है। निवेश भी आ रहा है। नई अपेक्षाएं और उम्मीदें हैं। पत्थरबाज नौजवान अब काम में जुट रहे हैं और राज्य का चौतरफा विकास देखने को लालायित हैं। कश्मीर का यह माहौल फिलहाल और अस्थायी नहीं है। अनुच्छेद 370 रद्द करने के बाद ऐसा अंतरराष्ट्रीय आयोजन किया गया है। जी-20 के 29 देशों के 61 प्रतिनिधियों ने कश्मीर बैठक में शिरकत की है। बैठक 24 मई तक जारी रहेगी। प्रतिनिधि पर्यटन, फिल्मों की शूटिंग, स्किल्स, गन्तव्य प्रबंधन, हरित पर्यटन आदि से जुड़े पहलुओं पर विमर्श कर रहे हैं। वैश्विक पर्यटन में कश्मीर भी एक आयाम होगा। जी-20 के भारतीय शेरपा अमिताभ कांत की टिप्पणी के व्यापक अर्थ हैं कि फिल्म निर्माण और रोमांस के लिए कश्मीर से बेहतर स्थान कोई और नहीं है। आतंकवाद के हत्यारे, अलगाववादी और तनावपूर्ण दौर के बाद जब कश्मीर का 'जन्नत' बहाल होता दिख रहा है, तो सुकून होता है और हमारी संप्रभुता की अखंडता भी सुनिश्चित होती है। इस परिवर्तन का श्रेय जी-20 के आयोजन को भी दिया जाना चाहिए। भारत इस वर्ष जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। सितंबर माह में 'शिखर सम्मेलन' आयोजित होगा, जिसमें इन देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री भाग लेंगे। चीन ने श्रीनगर में जी-20 की बैठक का बहिष्कार किया है, क्योंकि चीन आज भी जम्मू-कश्मीर को 'विवादित क्षेत्र' मानता है। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, यह वैश्विक तौर पर स्पष्ट है।

दैनिक न्यूज़ वायरस

संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002 RNI No. : UT-THIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# देहरादून ZOO में शुरू होगी टाइगर सफारी बाघों का दीदार कर सकेंगे सैलानी




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 24 मई : देहरादून चिड़ियाघर में टाइगर सफारी शुरू करने के लिए सेंट्रल जू अथॉरिटी (सीजेडए) की टीम भी दौरा कर चुकी है। बाड़ों का काम पूरा होते ही एक बार फिर सीजेडए की टीम मौका मुआयना करने के बाद अनुमति प्रदान करेगी। दून चिड़ियाघर के वन क्षेत्राधिकारी मोहन सिंह रावत ने बताया कि टाइगर सफारी के लिए ट्रैक तैयार कर लिया गया है। इस ट्रैक में जिप्सी के बजाए इलेक्ट्रिक वाहनों से सैलानियों को घुमाया जाएगा, ताकि वाहनों के शोर और प्रदूषण से बचा जा सके।

उन्होंने बताया कि इस चिड़ियाघर की शुरुआत वर्ष 1976 में वन चेतना केंद्र के रूप में की गई थी। मालसी गांव में होने और हिरण की संख्या अधिक होने के कारण बाद में इसका नाम मालसी डियर पार्क पड़ गया। मार्च 2012 में इसे मिनी जू में तब्दील कर दिया गया। अब यहां टाइगर सफारी शुरू होने के बाद जू को नई पहचान मिलने जा रही है दून चिड़ियाघर में एक माह के भी गुलदार के दो शावकों को चिड़ियाघर रेस्क्यू सेंटर से यहां लाया जाएगा। इसके अलावा दो भालू (स्लोथ और ब्लैक बीयर प्रजाति), दो लोमड़ी, दो हाइना (लकड़बग्घा) को भी जू में लाया जाएगा। फिलहाल जू में एक मादा गुलदार, 23 प्रकार की प्रजातियों की चिड़िया, 23 प्रकार के वन्य जीव, सांपों की दस प्रजातियां, मगरमच्छ, घड़ियाल जैसे जीव मौजूद हैं। इसके अलावा मछलियों के लिए एक्वेरियम तैयार किया गया है।

देहरादून जू हमेशा से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है। बीते वर्ष 2022 में चिड़ियाघर में सात लाख 65 हजार पर्यटक आए।यहां प्रतिदिन 12 से 15 सौ पर्यटक पहुंचते हैं, जबकि पर्यटकों की संख्या चार से पांच हजार तक पहुंच जाती है। बीते वर्ष चिड़ियाघर को करीब तीन करोड़ 35 लाख रुपये की कमाई हुई। इसी पैसे से वन्यजीवों की देखभाल, खाना और अन्य खर्च किए जाते हैं।आपको यह जानकर हैरत होगी, जू में मांसाहारी वन्यजीवों को दिन उपवास रखा जाता है। जी हां, इस दिन उन्हें किसी प्रकार का भोजन नहीं दिया जाता है। रेंज अधिकारी मोहन सिंह रावत ने बताया कि ऐसा उनके संतुलित आहार के मद्देनजर किया जाता है। यही वजह है कि र रानी 22 साल की उम्र पार करने जा रही है। जबकि गुलदार प्रजाति की उम्र आमतौर पर 14 से 15 साल ही होती है। संतुलित आहार और समुचित देखभाल ही इसका राज है।

# राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हो योजनाबद्ध तरीके से कार्य : सी एम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट, विभागों को राजस्व प्राप्तियों के लिए प्रत्येक माह का जो लक्ष्य मिला है, सभी विभाग उस लक्ष्य को हासिल करें, तभी राजस्व प्राप्ति का वार्षिक लक्ष्य हासिल कर पायेंगे। राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभागों को ऑनलाईन सिस्टम पर और अधिक कार्य करने की जरूरत है। जीएसटी से राजस्व प्राप्तियां और बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए लोगों को बिल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राजस्व प्राप्ति के सम्बंध में बैठक लेते हुए अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जाएं। विभागों को इसके लिए आधुनिक तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राजस्व वृद्धि के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। जिन क्षेत्रों में अपेक्षा के अनुरूप राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पा रही है, इसके कारणों का गहनता से अध्ययन कर उसका उचित समाधान निकाला जाए।

पूंजीगत व्यय पर विशेष ध्यान दिया जाए। विभागों को विभिन्न क्षेत्रों में जो पिछले सालों की रिकवरी करनी है, इस दिशा में ध्यान दिया जाए। खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली के लिए मजबूत ऑनलाईन सिस्टम बनाया जाए। वन क्षेत्रान्तर्गत के बरसाती नालों को चिन्हित कर चैनलाईज करने की दिशा में ध्यान दिया जाए। वन सम्पदाओं के बेहतर उपयोग की दिशा में वन विभाग को और सुनियोजित तरीके से कार्य करने की जरूरत है। वन सम्पदा के बेहतर उपयोग के लिए क्या नवाचार हो सकते हैं, इस दिशा में कार्य किये जाएं। वन पंचायतों के माध्यम से मेडिसिनल प्लांट के क्षेत्र में कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में यूपीसीएल एवं यूजेवीएनल को राजस्व बढ़ाने की जरूरत है। बिजली चोरी को पूर्णतया रोकने के लिए कारगर प्रयासों की जरूरत हैं। इसके लिए सूचना आधारित प्रणाली और विकसित करने पर ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति की समीक्षा हर माह की जायेगी। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, दिलीप जावलकर, अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, एच.सी. सेमवाल, विनोद रतूड़ी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता श्री अक्षय कुमार ने मुलाकात की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं अभिनेता अक्षय कुमार के बीच उत्तराखंड को नए फिल्म इंडस्ट्री हब के रूप में विकसित किए जाने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य दिन प्रतिदिन फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक नए शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य फिल्मांकन के लिए लोगों को आकर्षित कर रहा है। राज्य सरकार भी उत्तराखंड को एक बड़े फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने पर विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है। इसके लिए नई फिल्म नीति पर भी कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा फिल्मांकन के लिए फिल्मकारों को अनेकों सुविधाएं प्रदान की जा रही है।अभिनेता श्री अक्षय कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया की मंगलवार को उन्हें श्री केदारनाथ धाम में बाबा केदार के दर्शन का सुअवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने श्री केदारनाथ धाम में किए जा रहे पुनर्निर्माण कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने श्री केदारनाथ धाम में तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं के प्रति भी राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री श्री धामी के साथ मुख्यमंत्री आवास परिसर का भ्रमण किया।

## पुलिस प्रशासन संयुक्त टीम ने रानीखेत में अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

अल्मोड़ा। जनपद में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया है। एसएसपी राम चन्द्र राजगुरु के निर्देशन में जनपद में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रचलित अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी रानीखेत टी.आर. वर्मा के पर्यवेक्षण में सोमवार 22 मई को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तथा तहसीलदार मनीषा मारकाना के नेतृत्व में राजस्व विभाग टीम कानूनगो, राजस्व उपनिरीक्षक व पीडब्ल्यूडी सहायक अभियन्ता के.एस. बिष्ट के द्वारा रानीखेत क्षेत्र में अवैध स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध संयुक्त रुप से अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान के दौरान गनियाद्योली बाजार में लोक निर्माण विभाग की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने पर करीब 20 अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया तथा अन्य अतिक्रमणकारियों को नोटिस तामील कराने की कार्यवाही सम्पादित की गई। टीम द्वारा पिलखोली बाजार क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण चिन्हीकरण की कार्यवाही सम्पादित करते हुए पैमाईश की गई तथा अवैध अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने हेतु सम्बन्धित विभाग पीडब्ल्यूडी द्वारा नोटिस तामील कराए गए। यहाँ संयुक्त टीम द्वारा वन क्षेत्राधिकारी तापष मिश्रा के साथ गनियाद्योली रेन्ज ऑफिस के नजदीक वन क्षेत्र में अतिक्रमित कर बनायी गयी धार्मिक अवसंरचना के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

## ग्राफिक एरा की शिक्षिका भावना बिष्ट यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी की शिक्षिका भावना बिष्ट को खाद्य पदार्थों की थ्रीडी प्रिंटिंग पर उन के शोध के लिए अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के यंग साइंटिस्ट अवार्ड से नवाजा गया। इस के साथ ही मास्को के एक्सपर्ट डा. मिखाईल एस विलासकिन और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब के डॉ खेतान को भी उन के शोध कार्यों के लिए यह अवार्ड दिया गया। रीसेंट एडवांस इन न्यूट्रास्यिूटिकल्स एण्ड फंक्शनल फूड्स विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में ये अवार्ड दिए गए। मंगलवार को विवि में आयोजित वेलिडिक्टरी सेरेमनी में डिपार्टमेंट ऑफ फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी की शिक्षिका ईआर भावना बिष्ट को थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक के इस्तेमाल से जलेबी, मिठाई, केक और समोसे जैसे खाद्य पदार्थों की डिजाइनिंग पर उन के शोध को बहुत सराहया गया। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में 12 देशों की यूनिवर्सिटीज और इंस्टीट्यूट्स के 250 प्रतिभागियों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन मध्य से हिस्सा लिया। वेलेडिक्टरी सेरेमनी में ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ नरपिन्दर सिंह, डिपार्टमेंट ऑफ फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी के एचओडी, डॉ विनोद कुमार, फैकल्टी मेंबर्स और छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

## राज्यपाल ने किया राजभवन परिसर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन परिसर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में नैनीताल जिले के ब्लॉक भीमताल, रामनगर, रामगढ़, हल्द्वानी की महिलाओं ने अपने-अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। महिला समूह द्वारा बनाए गए इन उत्पादों का अवलोकन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की मातृशक्ति बेहद प्रतिभावान होने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं। उन्होंने कहा की महिला स्वयं समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को लोकल से ग्लोबल तक ले जाने की जरूरत है। इसके लिए उत्पादों में वैल्यू एडिशन के साथ-साथ उत्पादों की पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर फोकस करना होगा। कुछ महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों को विदेशों में बिक्री किए जाने पर राज्यपाल ने उनकी सराहना की और कहा कि ऐसे समूह अन्य के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

राज्यपाल ने कहा स्वयं सहायता समूहों को अपनी आय बढ़ाने के प्रयासों के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी अपने समूहों से जोड़ें। राज्यपाल ने महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों वुडन कलाकृतियां, ऐंपण, हैन्डीक्राफ्ट, एलईडी लाइट्स, मसाले, बेकरी उत्पाद, अचार, जैम आदि की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये सभी उत्पाद नैनीताल में आने वाले प्रत्येक पर्यटक खरीदे इस ओर अधिकारियों को कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि स्वयं सहायता समूहों को विभागीय योजनाओं के माध्यम से हरसंभव मदद दी जाए। समूहों को उत्पादों के विपणन के लिए अधिक से अधिक आउटलेट उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग प्रशिक्षण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक परियोजना निदेशक शिल्पी पंत ने जनपद में स्थापित स्वयं सहायता समूहों व ग्राम्य विकास के अन्य योजनाओं की जानकारी राज्यपाल को दी। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर, ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारीगण तथा विभिन्न क्षेत्रों से आयी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित थी।